सं. ए. 12023/1/2016-प्रशा.
भारत सरकार
जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय
*******

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,
नई दिल्ली, दिनांक 4th जनवरी, 2016

परिपत्र

जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय में वेतन मैट्रिक्स के लेवेल-2 (19900-63200) के वेतनमान में स्टाफ कार ड्राईवर (साधारण ग्रेड) के दो (02) पदों को आमेलन द्वारा भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आमेलन केवल जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय सहित इसके संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत नियमित ड्राइवर अथवा डिस्पैच राइडर्स एवं ग्रुप 'डी' कर्मचारियों, जो निम्नलिखित अर्हताएं पूरी करते हों, के लिए प्रभावी होगा:-

(क) शैक्षणिक योग्यताएं

(i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मेट्रीकुलेशन या समतुल्य
(ii) जिसके पास मोटर कार चलाने का विधिमान्य चालन अनुज्ञप्ति है
(iii) मोटर मैकेनिकी का ज्ञान
(iv) हिंदी या अंग्रेजी भाषा का ज्ञान
(v) मोटर कार चलाने का पांच वर्ष का अनुभव

नोट:- अनुभव संबंधी अर्हताएं केन्द्रीय सरकार के विवेकानुसार लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती हैं जब चयन के किसी प्रक्रम पर यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।

(ख) ड्राइविंग टेस्ट के लिए आवश्यक योग्यताएं

(i) अंग्रेजी के अंकों और आकृतियों को पढ़ने की योग्यता
(ii) यातायात विनियमों का ज्ञान
(iii) त्रुटियों को ढूंढने और छोटी-मोटी चालू मरम्मत करने की योग्यता
(iv) पहिये बदलने और टायरों में सही हवा भरने की योग्यता

2. उपरोक्त पात्रता पूरी करने वाले इच्छुक व्यक्तियों, जिन्हें चयन हो जाने की स्थिति में उनके संगठन द्वारा तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा, इस परिपत्र के साथ संलग्न पूर्ण रूप से भरा हुआ बायोडाटा तथा उनकी शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, चालन अनुज्ञप्ति, आदि से संबंधित दस्तावेजों/प्रमाण-पत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ आवेदन पत्र उचित माध्यम द्वारा **अवर सचिव (प्रशासन), जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय, कमरा संख्या - 424, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001** को 30 दिन के अन्दर भेज दें। निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

संलग्नक: बायोडाटा प्रपत्र।

(आर.के. ओझा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं.- 23710333
ई-मेल: usadmn-mowr@nic.in

प्रति:

1. जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय के सभी अनुभाग/स्कंध
2. जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय के अधीन सभी संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालय
3. अवर सचिव (सामान्य प्रशासन), जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय
4. जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय के माननीय मंत्री, राज्य मंत्री, सचिव, ओ.एस.डी., संयुक्त सचिव (प्रशासन), संयुक्त सचिव (पीपी) तथा संयुक्त सचिव एवं आर्थिक सलहकार के निजी सचिव।
5. एनआईसी सेल, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय - उपरोक्त परिपत्र को मंत्रालय के इंट्रानेट पर अपलोड करने हेतु।
6. सूचना पट्ट।

# प्रपत्र

1. नाम :
2. पदनाम :
3. जन्म तिथि :
4. वर्तमान तैनाती :
5. शैक्षिक आहर्ताएँ :
6. ड्राइविंग अनुभव तथा मोटर मेकैनिक्स का ज्ञान :
7. क्या अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति से संबन्धित हैं :
8. ड्राइविंग लाईसेंस संख्या तथा वैधता :

(हस्ताक्षर)